सतना | मंगलवार | 3 फरवरी 2026 | वर्ष 27 | अंक 152 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00
navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से




# राहुल के बयान पर संसद में बवाल

## जो किताब प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका रेफरेंस देना गलत :राजनाथ

**नई दिल्ली, 02 फरवरी. लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी के एक बयान पर भारी हंगामा हो गया. राहुल ने डोकलाम के मुद्दे और चीनी घुसपैठ को लेकर कुछ ऐसा कह दिया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर गृह मंत्री अमित शाह भड़क गए. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल के बयान को गलत बताया और कहा कि आप सदन को गुमराह न करें.**

दरअसल, राहुल गांधी ने डोकलाम पर बोलते हुए पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल नरवणे की एक अनपब्लिश्ड किताब के कोट का उल्लेख किया और कहा कि







उनका सोर्स भरोसेमंद है, जिस पर राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई. उन्होंने कहा कि जिस किताब की बात कर रहे हैं, वह प्रकाशित नहीं हुई है. अगर प्रकाशित हुई हो तब आप उसका उल्लेख करें, नहीं प्रकाशित हुई है तो उसका उल्लेख करने का कोई औचित्य नहीं है. राहुल का रेफरेंस गलत है.

लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने राहुल को रोकते हुए कहा कि जो किताब प्रकाशित ही नहीं हुई, उसके बारे में संसद में बात नहीं की जा सकती है. सदन के कुछ नियम और परंपरा है. लोकसभा में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, स्पीकर ने फैसला दिया है कि मैगजीन या अखबारों के आर्टिकल को सदन में कोट नहीं किया जा सकता. लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा, 'विपक्ष के नेता के तौर पर आप सदन में आरोप लगा रहे हैं, लेकिन नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं. यह बात बिल्कुल भी सही नहीं है.' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सदन के अध्यक्ष के तौर पर उनका काम लोकसभा को नियमों के तहत चलाना है, न कि सदस्यों को बार-बार यह बताना कि उन्हें क्या कहना चाहिए. इस पर जवाब देते हुए नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा, 'स्पीकर सर, आप एक काम करें. आप मुझे बता दीजिए कि मुझे क्या कहना है.' ( **शेष पेज 2 पर** )

> गृह मंत्री अमित शाह ने भी आपत्ति जताते हुए कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए, यह पुस्तक प्रकाशित हुई या नहीं. राहुल ने आरोप लगाया कि यह किताब सरकार प्रकाशित नहीं होने दे रही है. हंगामे के बीच फिर शाह ने मोर्चा संभाला और बोला कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने खुद बात खत्म कर दी है और स्वीकारा है कि किताब पब्लिश नहीं हुई.

# सिंहस्थ में टेंट सिटी होगी विकसित

- भुज में रण उत्सव में शामिल होने के बाद सीएम ने कहा
- पीएम मोदी का विजन ही नए भारत की सशक्त पहचान

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ गुजरात में रण ऑफ कच्छ का रण उत्सव आज भारत की सांस्कृतिक पहचान और पर्यटन क्षमता का वैश्विक प्रतीक बन चुका है.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भव्य रण उत्सव में सहभागिता कर विश्व स्तरीय टेंट सिटी की व्यवस्थाओं का अवलोकन करने के बाद कहा कि जहां कभी बंजर भूमि थी, वहां आज किसानों की सहभागिता से पर्यटन, आजीविका और विकास का मॉडल खड़ा हुआ है, जिसे दुनिया देख रही है. लोक कलाकारों की जीवंत प्रस्तुतियां और गुजरात की समृद्ध संस्कृति, इस उत्सव को विशिष्ट पहचान देती हैं. यह प्रेरक उदाहरण है. उज्जैन में वर्ष-2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ में रण उत्सव की तर्ज पर टेंट सिटी विकसित की जाएगी. साथ ही, मध्यप्रदेश में जहां पर्यटकों की संख्या अधिक है, वहां भी टेंट सिटी की योजना पर कार्य किया जाएगा. इससे स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिलेगा और किसान भी लाभान्वित होंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भुज में स्थित स्मृति वन, जो भूकंप पीड़ितों की स्मृतियों को सहेजता है, वह संवेदना और संकल्प का प्रतीक है. इसी भावना के साथ भोपाल में भी यूनियन कार्बाइड त्रासदी के पीड़ितों की स्मृति में एक समर्पित संग्रहालय विकसित करने की भी योजना है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन ही नए भारत की सशक्त पहचान है.

## एक नजर में



### वैज्ञानिक रामनाथन को मिलेगा क्रैफोर्ड प्राइज

**नई दिल्ली.** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने भारतीय मूल के जलवायु वैज्ञानिक वीरभद्रन रामनाथन को 2026 के क्रैफोर्ड पुरस्कार के लिए चुना है. इस सम्मान को जियोसाइंसेज का नोबेल भी कहा जाता हैं. रामनाथन को यह पुरस्कार प्रदूषण फैलाने वाले तत्वों और वायुमंडल के 'ब्राउन क्लाउड्स' पर उनके दशकों पुराने शोध के लिए मिला है. उनके काम ने ग्लोबल वार्मिंग को समझने का नजरिया बदल दिया है.

### सुरक्षाबलों ने 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया

**श्रीनगर.** जम्मू क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एंटी-टेरर सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिए हैं. सोमवार सुबह सांबा जिले के बारी ब्राह्मणा इलाके में आर्मी की क्विक रिएक्शन टीम ने संदिग्ध हालात में घूम रहे दो लोगों को हिरासत में लिया, जिन्हें पूछताछ के लिए स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया. इसके अलावा रामनगर सेक्टर सहित उधमपुर और राजौरी के कई इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों के चलते तलाशी अभियान जारी है. वहीं, किश्तवाड़ जिले के बर्फीले चटरू इलाके में 16वें दिन भी सर्च ऑपरेशन जारी है.

### यंत्र इंडिया लिमिटेड को 'मिनीरत्न' श्रेणी का दर्जा

**नई दिल्ली.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यंत्र इंडिया लिमिटेड (वाईआईएल) को 'मिनीरत्न' श्रेणी-एक का दर्जा देने की मंजूरी दे दी है. रक्षा मंत्री ने रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (डीपीएसयू) को मात्र चार वर्षों के कम समय में सरकारी संगठन से लाभ कमाने वाली कंपनी में परिवर्तित होने पर बधाई दी. उन्होंने कंपनी के कारोबार को बढ़ाने, स्वदेशीकरण को अधिकतम करने और मिनीरत्न (श्रेणी-एक) का दर्जा प्राप्त करने के लिए अन्य निष्पादन मानकों को पूरा करने के लिए वाईआईएल प्रबंधन द्वारा उठाए गए कदमों पर संतोष व्यक्त किया.



## अमृत उद्यान आज से आम लोगों के लिए खुलेगा

**नई दिल्ली, 02 फरवरी .** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान का उद्घाटन किया. यह उद्यान आम लोगों के लिए 3 फरवरी से 31 मार्च तक खुला रहेगा. सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक एंट्री होगी, जबकि अंतिम प्रवेश शाम 5 बजे तक मिलेगा. 4 मार्च को होली के दिन उद्यान बंद रहेगा. प्रवेश पूरी तरह फ्री होगा, जिसके लिए ऑनलाइन बुकिंग अनिवार्य है. एंट्री और एग्जिट गेट नंबर 35 से होगी.

# वांगचुक सीमावर्ती शांति के लिए खतरा

- केंद्र सरकार ने सुको में हिरासत को उचित ठहराया
- भाषणों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया

**नई दिल्ली, 02 फरवरी. केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लद्दाख के सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की हिरासत का बचाव किया. सरकार ने अदालत को बताया कि वांगचुक के सार्वजनिक तौर पर दिए गए भाषण राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक शांति और स्ट्रैटेजिकली तौर से सेंसिटिव बॉर्डर एरिया के लिए खतरा बन सकते हैं.**

यह मामला वांगचुक की पत्नी गीतांजलि द्वारा दायर याचिका पर




सुनवाई के दौरान सामने आया, जिसमें वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी गई थी. सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसमें जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्न वराले शामिल थे, ने यह साफ किया कि अनुच्छेद 32 के तहत अदालत हिरासत आदेशों पर अपील की तरह विचार नहीं करती. मुख्य सवाल यह होता है कि हिरासत आदेश के कारण, आधार और सामग्री का नेशनल सिक्योरिटी से कोई संबंध है या नहीं.केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अदालत का काम अपनी सटिस्फैक्शन जांचने का नहीं है,

> **सेंट्रल जेल में बंद हैं वांगचुक**
> बता दें कि सोनम वांगचुक को 26 सितंबर 2025 से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था. वह वर्तमान समय में राजस्थान के जोधपुर में स्थित सेंट्रल जेल में बंद हैं.

# दलाई लामा को ग्रैमी अवार्ड

**लॉस एंजिल्स, 02 फरवरी, ( वार्ता ) तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को यहां रविवार को 68वें ग्रैमी अवार्ड्स में बेस्ट ऑडियो बुक, नरेशन एंड स्टोरीटेलिंग रिकॉर्डिंग श्रेणी में विजेता चुना गया.**




इस श्रेणी के लिए चार अन्य लेखक भी दौड़ में थे, लेकिन दलाई लामा को पुरस्कार के लिए चुना गया. यह प्रतिष्ठित सम्मान उनके ऑडियो बुक प्रोजेक्ट मेडिटेशंस : द रिफलेक्शंस ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा के लिए मिला है. उनके अलावा इस श्रेणी में मशहूर कॉमेडियन और लेखक ट्रेवर नोआ ( इंटू द अनकट ग्रास), केतनजी ब्राउन जैक्सन (लवली वन) और कैथी गार्वर (एल्विस रॉकी एडं मी) जैसे नाम शामिल थे. पुरस्कार की घोषणा के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए आध्यात्मिक संत दलाई लामा ने अपनी चिर-परिचित सादगी और विनम्रता का परिचय दिया. उन्होंने कहा, मैं इस सम्मान को कृतज्ञता और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं.

# धर्मांतरण विरोधी कानून पर सुको सख्त

**12 राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में मांगा जवाब**

**नई दिल्ली, 02 फरवरी. धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर दायर नई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने 12 राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब मांगा है. सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, झारखंड, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है.**



कोर्ट मार्च में इस मामले में अगली सुनवाई करेगा. कोर्ट ने यह नोटिस राजस्थान सरकार द्वारा लाए गए कानून के खिलाफ दायर याचिका पर यह नोटिस जारी किया है. कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया है कि मामले में तीन जजों की बेंच सुनवाई करेगी. मामले की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि इसी तरह की याचिका पहले से कोर्ट में लंबित है. हमारा जवाब तैयार है हम जल्द दाखिल कर देंगे. नेशनल काउंसिल का चर्चेज इन इंडिया नामक संस्था की ओर से दायर की है.

याचिका में कहा- अधिनियम की धारा 2 और 3 अस्पष्ट याचिका में यह भी कहा गया है कि अधिनियम की धारा 2 और 3 अस्पष्ट बहुत व्यापक और स्पष्ट मानकों की कमी है, जिससे यह तय करना मुश्किल हो जाता है कि अपराध क्या है. याचिका में कहा गया है कि यह अस्पष्टता वाक स्वतंत्रता और धार्मिक प्रचार का हनन करती है, जिससे मनमाने और भेदभावपूर्ण तरीके से इसे लागू किया जाना संभव हो जाता है, जबकि दंडनीय कानून सटीक होने चाहिए.

## चीन में सेना में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई

**बीजिंग, 02 फरवरी.** चीन की रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का बड़ा घोटाला सामने आया है. अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की 2024 की रिपोर्ट में बताया गया है कि पश्चिमी चीन में कुछ मिसाइलों में फ्यूल की जगह पानी भरा हुआ था. रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जिन जगहों से इन मिसाइलों को जमीन के नीचे बने साइलो से लॉन्च किया जाना था, वे भी ठीक नहीं थे. ये साइलो इतने भारी और खराब तरीके से बनाए गए थे कि उनके ढक्कन खुल ही नहीं पा रहे थे. इन खुलासों के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की रॉकेट फोर्स के पूरी टॉप लीडरशिप को हटा दिया.

# 1 .5 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स जब्त

- मंदसौर पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार
- 7,000 रुपये मूल्य का अवैध डोडाचूरा भी जब्त

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल/मंदसौर, 02 फरवरी. अवैध मादक पदार्थ कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मध्य प्रदेश पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मंदसौर जिले की सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य की एमडी ड्रग्स जब्त की है.**



यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएस सिंह बघेल के पर्यवेक्षण तथा नगर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह भास्कर के निर्देशन में थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह राठौर के नेतृत्व में की गई. पुलिस को रविवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि प्रतापगढ़ जिले (राजस्थान) के देवलजी निवासी गुलशेर खान पठान एमडी ड्रग्स बेचने के लिए मंदसौर आ रहा है और इसे नंदकिशोर उर्फ नंदू को सौंपने वाला है. सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 1.5 किलोग्राम अवैध एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये है.

**रेल परियोजनाएं** | केंद्र ने दिया अब तक का सबसे बड़ा बजट : अश्विनी वैष्णव

# मध्य प्रदेश में रेलवे की रफ्तार के लिए 15,188 करोड़

**नई दिल्ली,02 फरवरी, ( नससे ). केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश को रेलवे के लिए अब तक का सबसे बड़ा बजट देते हुए 15,188 करोड़ रुपए का आवंटन किया है. इससे प्रदेश में रेल परियोजनाओं का कुल निवेश 1.18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है. नई लाइनों, डबलिंग-ट्रिपलिंग और फ्रैट कॉरिडोर के जरिए मध्य प्रदेश सीधे वेस्ट कोस्ट के प्रमुख पोर्ट्स से जुड़ेगा, जिससे माल परिवहन, उद्योग और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी.**



रेल मंत्री अश्विनी के मुताबिक मध्य प्रदेश में रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं का कुल निवेश अब 1.18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है. इसमें नई रेल लाइनों का निर्माण, ट्रैक डबलिंग-ट्रिपलिंग, स्टेशन पुनर्विकास और माल ढुलाई क्षमता बढ़ाने वाले कार्य शामिल हैं. प्रदेश में रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण भी पूरा हो चुका है, जिससे परिचालन लागत घटेगी और ट्रेनों की रफ्तार व समयपालन बेहतर होगा. कई वर्षों से प्रतीक्षित इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन समेत अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को हाल ही में स्वीकृति मिली है और इन पर निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है. इन परियोजनाओं से न सिर्फ यात्री सुविधाएं बढ़ेंगी बल्कि औद्योगिक क्षेत्रों को भी बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी. रेल मंत्री ने ईस्ट-वेस्ट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को भविष्य की बड़ी उपलब्धि बताया.

> **लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और कारोबार को मिलेगी गति**
> यह कॉरिडोर पश्चिम बंगाल से शुरू होकर ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र होते हुए गुजरात तक जाएगा. इससे माल परिवहन के लिए अलग समर्पित ट्रैक उपलब्ध होगा, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और कारोबार को गति मिलेगी. इस कॉरिडोर के जरिए मध्य प्रदेश में एक नया आर्थिक गलियारा विकसित होगा, जो राज्य को सीधे गुजरात और महाराष्ट्र के वेस्ट कोस्ट पोर्ट्स से जोड़ देगा. अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ईस्ट-वेस्ट फ्रेट कॉरिडोर सूरत के पास वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जुड़ेगा. वेस्टर्न फ्रेट कॉरिडोर लुधियाना से न्हावा शेवा (जेएनपीटी) पोर्ट तक फैला है. इस जंक्शन से उत्तर, पूर्व, मध्य और दक्षिण भारत के बीच तेज और सुगम माल परिवहन संभव होगा, जिससे मध्य प्रदेश की औद्योगिक और व्यापारिक भूमिका और मजबूत होगी.

# ट्रंप का बड़ा ऐलान : अमेरिका ने भारत के लिए घटाया टैरिफ

- मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने टेलीफोन पर की बात
- अब सिर्फ 25 की जगह 18 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगेगा

**नई दिल्ली, 02 फरवरी.** अमेरिका और भारत में ट्रेड डील पर बात बन गई है. पीएम मोदी से टेलीफोन पर बातचीत के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसकी घोषणा की है. उन्होंने साफ किया है कि अब भारत पर 25 फीसदी नहीं, बल्कि 18 फीसदी ट्रैफिक ही रहेगा.

ट्रंप ने लिखा, आज सुबह भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी. वे मेरे सबसे करीबी दोस्तों में से एक हैं और अपने देश के एक शक्तिशाली और सम्मानित नेता हैं. हमने व्यापार और रूस व यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त करने सहित कई विषयों पर चर्चा की. वे रूसी तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका व संभवत: वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदने पर सहमत हुए. इससे यूक्रेन में चल रहे युद्ध को समाप्त करने में मदद मिलेगी, जिसमें हर हफ्ते हजारों लोग मारे जा रहे हैं! भारत के साथ हमारे अद्भुत संबंध आगे चलकर और भी मजबूत होंगे.